**परिवहन निगम मुख्यालय**
**लखनऊ**

पत्रांकः 1852 सीईएनटी/24–810 निगम/पारि0–प्रोत्सा0/12–। दिनांक 20 जून, 2024

1–समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक
2–समस्त सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक (वित्त/कार्मिक/डिपो)
उ0प्र0 परिवहन निगम

विषय :–**संविदा चालक/परिचालक के किमी0 आधारित पारिश्रमिक पर ई0पी0एफ0 की कटौती के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक निगम मुख्यालय से निर्गत परिपत्र संख्या–694 सीईएनटी/2023–810 निगम/पारि0–प्रोत्सा0/12–। दिनांक 15 फरवरी, 2024 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से किमी0 आधारित पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले संविदा चालकों/परिचालकों की ई0पी0एफ0 कटौती विषयक दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

इस सम्बन्ध में कतिपय क्षेत्रों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार यह परिलक्षित हुआ है कि उत्कृष्ट/उत्तम श्रेणी प्रोत्साहन योजना से आच्छादित संविदा चालकों/परिचालकों की भी ई0पी0एफ0 कटौती किमी0 आधारित पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले चालकों/परिचालकों की भाँति की जाने लगी है, जबकि उत्कृष्ट/उत्तम श्रेणी किमी0 आधारित पारिश्रमिक श्रेणी से भिन्न है, उत्कृष्ट/उत्तम प्रोत्साहन योजना हेतु पृथक से बेसिक वेजे़ज पूर्व में ही परिभाषित किया जा चुका है।

अतः पुनः स्पष्ट किया जाता है कि किमी0 आधारित पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले चालकों/परिचालकों की ई0पी0एफ0 कटौती हेतु निर्धारित बेसिक वेजेज़ 6500/5500 है, जोकि उत्कृष्ट/उत्तम श्रेणी के पारिश्रमिक में सम्मिलित बेसिक वेजेज़ से relatable नहीं है, जैसा कि पूर्व में परिपत्र संख्या–5181 सीईएनटी/21–810 निगम/पारि0–प्रोत्सा0/12–। दिनांक 28 अक्टूबर, 2021 में परिभाषित है।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(मासूम अली सरवर)
प्रबन्ध निदेशक

18-06-24

**समसंख्यक/समदिनांकित**
**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

(1) निजी सचिव, अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/अपर प्रबन्ध निदेशक, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
(2) वित्त नियन्त्रक, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
(3) मुख्य प्रधान प्रबन्धक (प्रशासन/प्राविधिक), परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
(4) समस्त प्रधान प्रबन्धक, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
(5) प्रबन्धक, कारसेक्शन, परिवहन निगम मुख्यालय, लखनऊ।
(6) महामंत्री, समस्त मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन, उ0प्र0 परिवहन निगम।
(7) M/S Mectoi Technologies Private Limited।

(अशोक कुमार)
प्रधान प्रबंधक(कार्मिक)